# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 272 /भण्डार/2023 भोपाल, दिनांकः 18/12/2023

## पेपर क्रय सामग्री की प्रथम ई-निविदा वर्ष 2023

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की प्रशासकीय विभाग/शैक्षणिक विभागों एवं विश्वविद्यालय में उपयोग में आने वाले "पेपर क्रय सामग्री की प्रथम ई-निविदा वर्ष – 2023" क्रय के लिए निर्माता या अधिकृत डीलर से ऑन-लाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्ते एवं विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेब-साईट **https://mptenders.gov.in पर लॉग-ऑन करें।**

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000-00 (रू. एक हजार मात्र) तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 60,000=00 (रू. साठ हजार मात्र) हैं। जिसे ऑन-लाईन निविदा के साथ जमा किया जाना है।

निविदा का अनुमानित मूल्य रूपये 20,00,000-00 लाख (रू. बीस लाख मात्र) है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब-साईट पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार हैः-

| सं.क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 18/12/2023 | निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित है। |
| 02 | Document Dowload / Sale Start Date | 18/12/2023 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 18/12/2023 | |
| 04 | Document Download/Sale End date | 08/01/2024 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 08/01/2024 | |
| 06 | Bid Opening Date | 09/01/2024 | |

निविदा सम्बन्धी जानकारी का अवलोकन विश्वविद्यालय की वेब-साईट www.bubhopal.ac.in पर भी किया जा सकता हैं।

कुलसचिव

सहा. कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**भाग–1**

**निविदा आवेदन एवं प्रकिया संबंधी जानकारी**

1. निविदा प्रपत्र म.प्र. शासन की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** से डाउनलोड करें। निविदा संबंधी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.Bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है। यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कार्यालय के उपयोग में आने वाले पेपर क्रय हेतु आमंत्रित की जा रही है।
2. पेपर सामग्री हेतु निविदा को वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर ऑन–लाईन पद्वति से प्रस्तुत किया जाना है। निविदा में किसी प्रकार के संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 20,00,000/–(बीस लाख रूपये मात्र) हैं।
3. निविदा आन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| स.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Published Date | 18/12/2023 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेवसाईट **https://mptenders.gov.in** |
| 02 | Document Download/Start Date | 18/12/2023 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 18/12/2023 | |
| 04 | Document Download/Sale End Date | 08/01/2024 | |
| 05 | Bid Submission End Date | 08/01/2024 | |
| 06 | Bid Opening Date | 08/01/2024 | |

4. यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्यदिवस पर दोपहर 3:30 बजे खोली जावेगी।
5. प्रक्रिया–1: निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000=00 (रू. एक हजार मात्र) है तथा सुरक्षा निधि राशि रूपये 60,000=00 (रू. साठ हजार मात्र) है। इन्हें ऑन लाईन जमा किया जाना है। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना है।
   उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा।
6. प्रक्रिया–2: तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पाई जाने वाली फर्मो की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की ही सील एवं हस्ताक्षरित नम्बरिंग करने के उपरांत स्केन कर अपलोड किए जाने है।
7. प्रक्रिया–3: तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया–2 में योग्य पाई जाने वाली फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाली फर्म को योग्य माना जावेगा। वित्तीय निविदा को एक्सेल शीट में ऑन–लाईन प्रस्तुत किया जाना है।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

भाग–2

तकनीकी निविदा की

अर्हकारी शर्ते

2.1 संस्था द्वारा पिछले पॉच में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो (2018–19, 2019–20, 2020–21, 2021–22, 2022–23) में मान्यता प्राप्त संस्था को पेपर सामग्री प्रदाय का कार्य किया जाता हो। संबंधित संस्था का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप निविदा के साथ अपलोड करें।

2.2 पिछले तीन वित्तीय वर्षो में से किसी एक वित्तीय वर्ष (2020–21, 2021–22, 2022–23) में न्यूनतम 40–00 लाख (रू. चालीस लाख मात्र) का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं **फर्म के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य हैं।**

2.3 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू. 500/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करा कर अपलोड करें। (निविदा में दिए प्रारूप अनुसार)

2.4 निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों को स्केन प्रति जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए निविदा के साथ अपलोड करें:–

(क) जी.एस.टी. (GST) प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करेंगे।

(ख) वैद्य रजिस्ट्रेशन Shop Establishment प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करेंगे।

2.6 इनकम टैक्स के पिछले तीन ऐसेसमेन्ट वर्ष (2020–21, 2021–22, 2022–23)) आयकर रिटर्न (ITR) की छाया प्रति अपलोड करें।

2.7 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 1,000/– वापसी योग्य नहीं है।

2.8 यदि निविदा की शर्तो एवं दिनांक में कोई संशोधन किए जाने की स्थिति निर्मित होती है तो इसकी सूचना वेबसाईट में माध्यम से ही ऑनलाईन दी जावेगी। इस हेतु पृथक से समाचार पत्रों में संशोधन की सूचना जारी नही की जावेगी।

2.9 निविदाकर्ता द्वारा निविदा की सभी शर्तो का पालन अनिवार्य किया जावेगा। इस आशय का शपथ पत्र संलग्न किया जावेगा।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग–3
## निविदा की अन्य शर्ते

3.1 पेपर के प्रदाय करने के लिए उत्पादक का अधिकृत/विक्रेता प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

3.2 सफल निविदकर्ता को विश्वविद्यालय के साथ एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तो के उल्लंघन पर सुरक्षा निधि राशि को जब्त किया जा सकेगा।

3.3 पात्र पाई गई संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा। अनुबंध के पूर्व निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों का सत्यापन किया जावेगा। यदि फर्म द्वारा निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति अथवा जानकारी असत्य पाई जाती है तो निविदा निरस्त करने, सुरक्षा निधि जब्त करते हुए फर्म को ब्लैक लिस्ट करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।

3.4 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं सामग्री की गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से आगामी 1–1 वर्ष करके तक के लिए बढ़ाया भी जा सकता है।

3.5 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना अनिवार्य है।

3.6 पेपर सामग्री का प्रदाय सन्तोषजनक न होने पर या सफल निविदाकर्ता द्वारा शर्तो का पालन नहीं करपाने की स्थिति में सफल निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी।

3.7 त्रुटिपूर्ण सामग्री प्रदाय या विलम्ब से सामग्री प्रदाय करने पर निम्नांनुसार दण्ड अधिरोपित किया जा सकेगा।

(क) त्रुटिः– प्रति त्रुटि पर प्रति यूनिट की दर का 50 प्रतिशत होगा।

(ख) विलम्बः– देयक की कुल राशि का 0.5 प्रतिशत प्रति सप्ताह रहेगा।

(दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपति जी के विवकाधीन होगा।)

3.8 सामग्री स्वीकृत स्पेंसिफिकेशन अनुरूप प्रदाय करने सक्षम समिति के सत्यापन/प्रमाणीकरण होने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित पेपर सामग्री स्पेसिफिकेशन अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर सफल निविदाकर्ता का उनके व्यय पर वापस की जावेगी।

3.9 पेपर सामग्री प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी। दरें एक समान्य होने पर अधिक टर्नओवर वाली फर्म की निविदा स्वीकार होगी।

3.10 पेपर सामग्री प्रदाय के लिए केन्द्र/राज्य शासन एवं स्थानीय निकायों द्वारा समय–समय पर अधिरोपित टैक्स एवं ड्यूटीज का भुगतान समय पर अनिवार्य रूप से करने का उत्तरदायित्व फर्म का होगा।

3.11 वित्तीय निविदा में दरें कर रहित (Without tax) प्रस्तुत की जाना है। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी वित्तीय निविदा प्रपत्र में देवें।

3.12 निविदा में सफल फर्म द्वारा प्रस्तुत देयक दर्शित जी.एस.टी. राशि का भुगतान फर्म को किया जावेगा। फर्म के देयक से स्त्रोत पर आयकर की राशि की कटौति की जावेगी। नियमानुसार जी. एस.टी./टी.डी.एस. की राशि की कटौती की जावेगी।

3.13 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि राशि लौटा दी जावेगी।

3.14 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.15 निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर निविदा को सकारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.16 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.17 जिन निविदाकर्ता फर्मो द्वारा निविदा की सभी शर्ते पूर्ण की है उन पात्र/योग्य निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर समिति निम्नांकित बिन्दुओं अनुसार पैरामीटर/प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

3.18 निविदा विषयक विवाद मे अंतिम निर्णय कुलपति, बरकतउला विश्वविद्यालय,भोपाल का होगा।

3.19 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

3.20 विश्वविद्यालय द्वारा क्रय की जाने वाली पेपर सामग्री की सूची एवं अनुमानित संख्या निविदा के भाग–4 में वित्तीय निविदा में दर्शित है। पेपर सामग्री की अनुमानित संख्या में कमी या वृद्धि संभव है। वित्तीय निविदा में दरें एक्सेलशीट में प्रस्तुत की जाना है। इस प्रारूप में निविदा दरें प्रस्तुत न किए जाने पर निविदा निरस्त मान्य की जावेगी।

शपथ पत्र
रू. 500/- के स्टाम्प पेपर पर
नोटरी से सत्यापित

मैं.........................................................द्वारा प्रोपराईटर मेसर्स.................................................................................
निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ कि :-

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है।

(2) यह कि फर्म की पेपर सामग्री संबंधी में कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लम्बित नही है।

(3) यह कि फर्म का किसी शासकीय संस्था/उपक्रम/बैंक से दिवालिया घोषित नही किया गया है।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाई जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करते हुए सुरक्षा निधि राशि जब्त करने तथा मेरी फर्म को ब्लैकलिस्ट करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल को होगा।

(5) निविदा में वाही गयी जानकारी निम्नानुसार है:-

निम्नानुसार दस्तावेजों को फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड किये जाना है। दस्तावेज स्पष्ट एवं पठनीय होना चाहिए इसके अभाव निविदा विचारणीय नही होगी।

| स.क्र. | विवरण | संलग्न जानकारी का विवरण | फर्म द्वारा प्रस्तुत के दस्तावेजों का पृष्ठ क्रं. |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 1,000 ऑन लाईन जमा की रसीद | Bank/UTR No:-<br><br>DT:- | |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 60,000/-(रू. साठ हजार मात्र) ऑन- लाईन जमा की रसीद। | Bank/UTR No:-<br><br>DT:- | |
| 03 | संस्था द्वारा पिछले पॉच में से किन्ही तीन वित्तीय वर्षो (2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23) में मान्यता प्राप्त संस्था को पेपर संबंधित सामग्री प्रदाय का कार्य किया हो। संबंधित संस्था का कार्य आदेश/प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप निविदा के साथ अपलोड करे।। | वित्तीय वर्ष 2020-21 के कार्यदिशों की राशि रू......................................<br>वित्तीय वर्ष 2021-22 के कार्यदिशों की राशि रू......................................<br>वित्तीय वर्ष 2022-23 के कार्यदिशों की राशि रू...................................... | |
| 04 | पिछले तीन वित्तीय वर्षो में से किसी एक वित्तीय वर्ष (2020-21, 2021-22, 2022-23) | वित्तीय वर्ष 2020-2021 में | |

अनुभाग अधिकारी (क्रय)
बरकतउल्ला वि.वि. भोपाल

| | | | |
|---|---|---|---|
| | में न्यूनतम 40-00 लाख प्रतिवर्ष का टर्न ओवर का होना अनिवार्य हैं। फर्म के टर्न ओवर की चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करना अनिवार्य है। | टर्न ओवर की राशि रू. :........................................................ | |
| | | वित्तीय वर्ष 21-22 में टर्न ओवर की राशि रू........................................................ | |
| | | वित्तीय वर्ष 22-23 में टर्न ओवर की राशि रू........................................................ | |
| | | वित्तीय वर्ष 2020-21 की बेसेन्सशीट का पृष्ट क्रमांक | |
| | | वित्तीय वर्ष 2021-22 की बेसेन्सशीट का पृष्ट क्रमांक | |
| | | वित्तीय वर्ष 2022-23 की बेसेन्सशीट का पृष्ट क्रमांक | |
| 05 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नही होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू. 500-00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित हो, अपलोड करें। (निविदा में दिए प्रारूप अनुसार) | | |
| 06 | जी.एस.टी. (GST) प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करेंगे। | जी.एस.टी. नम्बर :.................................................. | |
| 07 | वैद्य रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करे। | रजिस्ट्रेशन संस्था का नामः-<br><br>नम्बरः-<br><br>वैधता दिनांकः- | |
| 08 | इनकम टैक्स के पिछले तीन ऐसेसमेन्ट वर्ष (2020-21, 2021-22, 2022-23) का आयकर रिटर्न (ITR) की छाया प्रति अपलोड करें। | असेसेमेन्ट वर्ष 2020-21 में जमा आयकर राशि रूः-<br>................................................ | |
| | | असेसेमेन्ट वर्ष 2021-22 में जमा आयकर राशि रूः-<br>................................................ | |
| | | असेसेमेन्ट वर्ष 2022-23 में जमा आयकर राशि रूः-<br>................................................ | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

प्रपत्र–1
(निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः–**पेपर सामग्री क्रय हेतु प्रथम ई–निविदा वर्ष 2023 बाबत्।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार हैः–

| स.क्र. | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर<br>(मोबाईल एवं लेंडलाईन) | |

## प्रमाण – पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा में दर्शित शर्तो के अनुसार पेपर सामग्री प्रदाय हेतु निविदा वर्ष 2023 का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते है।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यपित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र में वर्णित कथन एवं जानकारी मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य है।

शपथग्रहिता

# भाग–4
# Details of Paper

| | | |
|---|---|---|
| 01 | फोटोकॉपी पेपर ए–4 75 जीएसएम (जेके) Red packet | प्रति नग |
| 02 | फोटोकॉपी पेपर ए–4 कलर 75 जीएसएम (जेके) Sprint | प्रति नग |
| 03 | फोटोकॉपी पेपर ए–3 75 जीएसएम (जेके) Red packet | प्रति नग |
| 04 | Excel JK बाण्ड पेपर ए– 4 85 जीएसएम | प्रति नग |
| 05 | फोटोग्राफी पेपर 180 जीएसएम | प्रति नग |
| 06 | लेजर पेपर 17 x 27 80 जीएसएम (जेके) | प्रति नग |
| 07 | सफेद पेपर 18 x 22 क्रिमवो 57 जीएसएम (A Grade Mill) | प्रति नग |
| 08 | सफेद पेपर 20 x 30 क्रिमवो 57 जीएसएम (A Grade Mill) | प्रति नग |
| 09 | सफेद पेपर 17 x 27 क्रिमवो 57 जीएसएम (A Grade Mill) | प्रति नग |
| 10 | पार्चमेन्ट पेपर ए–4 साईज 80 जीएसएम | प्रति नग |
| 11 | लेजर पेपर 17 x 27 90 जीएसएम | प्रति नग |

**बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल**
**पेपर क्रय हेतु प्रथम ई–निविदा वर्ष : 2023**
**भाग–4**
**(वित्तीय निविदा)**

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

| स.क्र. | सामग्री विवरण | प्रति नग | दर |
|---|---|---|---|
| 01 | फोटोकॉपी पेपर ए–4 75 जीएसएम (जेके) Red packet | प्रति नग | |
| 02 | फोटोकॉपी पेपर ए–4 कलर 75 जीएसएम (जेके) Sprint | प्रति नग | |
| 03 | फोटोकॉपी पेपर ए–3 75 जीएसएम (जेके) Red packet | प्रति नग | |
| 04 | Excel JK बाण्ड पेपर ए– 4 85 जीएसएम | प्रति नग | |
| 05 | फोटोग्राफी पेपर 180 जीएसएम | प्रति नग | |
| 06 | लेजर पेपर 17 x 27 80 जीएसएम (जेके) | प्रति नग | |
| 07 | सफेद पेपर 18 x 22 क्रिमवो 57 जीएसएम (A Grade Mill) | प्रति नग | |
| 08 | सफेद पेपर 20 x 30 क्रिमवो 57 जीएसएम (A Grade Mill) | प्रति नग | |
| 09 | सफेद पेपर 17 x 27 क्रिमवो 57 जीएसएम (A Grade Mill) | प्रति नग | |
| 10 | पार्चमेन्ट पेपर ए–4 साईज 80 जीएसएम | प्रति नग | |
| 11 | लेजर पेपर 17 x 27 90 जीएसएम | प्रति नग | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कर का नाम एवं दरः | |
| 2 | कर का नाम एवं दरः | |
| 3 | कर का नाम एवं दरः | |

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल